नाम.................................................. अनुक्रमांक.......................

C/2,000

# अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा, 2026

## हिन्दी
## कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | | पूर्णांक : 100

निर्देश– (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड 'क'

1. सही विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) हिन्दी के प्रचारार्थ 'बनारस अखबार' का प्रकाशन किसने किया ?

(i) राजा शिवप्रसाद (iii) सदासुख लाल
(ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iv) बालकृष्ण भट्ट

(ख) ज्योतिरीश्वर की रचना 'वर्ण–रत्नाकर' की भाषा है– 1

(i) राजस्थानी गद्य (iii) ब्रजभाषा गद्य
(ii) मैथिली गद्य (iv) खड़ीबोली गद्य

(ग) इनमें से कौन द्विवेदी युग का लेखक नहीं है ? 1

(i) श्यामसुन्दर दास (iii) डॉ. नगेन्द्र
(ii) बालमुकुन्द गुप्त (iv) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(घ) 'चन्द–छन्द वरनन की महिमा' के लेखक हैं– 1

(i) नाभादास (ii) गंगकवि (iii) दामोदर शर्मा (iv) गोकुलनाथ

(ङ) खड़ीबोली गद्य की प्रामाणिक रचनाएँ कब से प्राप्त होती हैं? 1

(i) 16वीं शताब्दी (iii) 17वीं शताब्दी
(ii) 18वीं शताब्दी (iv) 20वीं शताब्दी

2. सही विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) एक भारतीय आत्मा किसे कहा जाता है? 1

(i) हरिवंशराय बच्चन (iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(ii) श्यामनारायण पाण्डेय (iv) माखनलाल चतुर्वेदी

(ख) भवानी प्रसाद मिश्र निम्नलिखित में से किस 'सप्तक' में संकलित हैं–

(i) तारसप्तक में
(iii) दूसरा सप्तक में
(ii) तीसरा सप्तक में
(iv) चौथा सप्तक में

(ग) महादेवी जी को 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार किस सन् में प्राप्त हुआ ?

(i) सन् 1976 ई. में
(iii) सन् 1983 ई. में
(ii) सन् 1980 ई. में
(iv) सन् 1985 ई. में

(घ) 'बीती विभावरी जागरी' कविता प्रसाद जी की किस कृति में संकलित है ?

(i) स्कन्दगुप्त में (ii) लहर में (iii) चन्द्रगुप्त में (iv) आँसू में

(ङ) प्रगतिवादी युग के कवि हैं–

(i) जयशंकर प्रसाद
(iii) श्रीधर पाठक
(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(iv) सरदार पूर्णसिंह



3. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 × 5 = 10

मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग हैं। पृथ्वी हो और मनुष्य न हो तो राष्ट्र की कल्पना असम्भव है स्वरूप सम्पादित होता है। जन के कारण ही पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथ्वी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथ्वी का पुत्र है।

(क) गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राष्ट्र का दूसरा अंग क्या है ?

(घ) राष्ट्र की कल्पना कब असम्भव है?

(ङ) गद्यांश की भाषा–शैली व्यक्त कीजिए।

अथवा

यह अनुभव कितना चमत्कारी है, कि यहाँ जो जितनी अधिक वृद्धा है, वह उतनी ही आर्थिक उत्फुल्ल–मुसकानमयी है। य लक्ष्यदर्शी जीवन की! सेवा–निरत जीवन की! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर य

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) लेखक के लिए कौन–सा अनुभव चमत्कारी है?

(घ) "यह किस दीपक की जोत हैं" इस वाक्य में क्या भाव निहित है?

(ङ) कौन–सी 'जोत' विश्व की सर्वोत्तम जोत है?

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2 × 5 = 10

मारग प्रेम को समुझै, 'हरिचन्द' पथारथ होत यथा है।
लाभ कछू न पुकारन में बदनाम ही होय की सारी कथा है॥
जानत है जिय मेरौ भली विधि और उपाय सबै बिरथा है।
बावरे हैं ब्रज के सिगरे मोहिं नाटक पूछत कौन बिधा है॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रेम की सारी कथा क्या होने की है?

(घ) प्रेम से पुकारने में क्या लाभ है?

(ङ) ब्रज की सभी लोग क्या हो गए हैं?

अथवा

कृपा निधान सुजान सम्भु हिय की गति जानी।
दियौ सीस पर ठाम बाम करि कै मनमानी॥
सकुचति ऐंचति अंग गंग सुख संग लजानी।
जटा–जूट हिम कूट सघन वन सिमटि समानी॥

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गंगा की समस्त धाराएँ कहाँ सिमट गई हैं?

(घ) गंगा के जल को शिव के जटाओं में क्या स्थान मिला है?



5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल (ii) जैनेन्द्र कुमार (iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+ 2= 5

(i) जगन्नाथदास 'रत्नाकार' (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. 'बहादुर' अथवा 'लाटी' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र–चित्रण लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'पंचलाइट' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित 'खण्डकाव्य' के नायक का चरित्र–चित्रण लिखिए– (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

स्वपठित 'खण्डकाव्य' के देशकाल व वातावरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

खण्ड–'ख'

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

धन्योऽयं भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानस पावनी, भव्य भावोद्‌ भाविनी, शब्द–सन्दोह–प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोकेप्रथिता अस्ति।

अथवा

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति, सा मैत्रेयी उवाच–येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्? यदेव भगवान् केवलममृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि। याज्ञवल्क्य उवाच–प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे, एहि, उपविश; व्याख्यास्यामि ते अमृतत्वसाधनम्।

(ख) दिए गए संस्कृत श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

प्रजानामेव भूत्यर्थं सताभ्यो बलिमग्रहीत।
सहस्र गुण मुत्स्रष्टु मादत्ते हि रसं रविः॥

अथवा

जलबिन्दु–निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः।
स हेतुः सर्व विधानां धर्मस्य च धनस्य च॥

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 2+ 2= 4

(क) का भाषा अस्माभिः मातृसमं माननीया ?

(ख) कः सर्वज्ञः भवति ?

(ग) हंसपोतिका कस्य दुहिता आसीत् ?

(घ) वित्तेन कस्य आशा न अस्ति ?

10. (क) 'वीर रस' अथवा 'शान्त रस' की परिभाषा लिखिए और उसका एक उदाहरण भी लिखिए। 2

P.T.O.



(ख) 'अद्भुत' अथवा 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा व उदाहरण दीजिए। 2

(ग) 'कुण्डलिया' अथवा 'चौपाई' छन्द का लक्षण लिखते हुए उसका उदाहरण लिखिए। 2

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 2+ 7= 9

(क) कोरोना : एक वैश्विक चुनौती

(ख) 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे'

(ग) पर्यावरण : प्रदूषण

(घ) बेटी बचाओ : बेटी पढ़ाओ

12. (क) (i) 'तच्चौरः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) तच् + चौरः (ब) तत् + चौरः
(स) तः + चौरः (द) त + चौरः

(ii) 'सिद्धि' का सन्धि–विच्छेद होगा– 1

(अ) सिद् + धि (ब) सि + द्धि
(स) सिध् + धि (द) सिधि + धि

(iii) लभ् + धः की सन्धि होगी– 1

(अ) लब्धः (ब) लब्धः (स) लब्धः (द) लब्धः

(ख) (i) 'विद्याधनम्' में समास है– 1

(अ) द्विगु समास (ब) बहुव्रीहि समास
(स) द्वन्द्व समास (द) कर्मधारय समास

(ii) 'चराचरम्' में समास है– 1

(अ) कर्मधारय (ब) द्विगु (द्वन्द्व)
(स) अव्ययीभाव (द) बहुव्रीहि

13. (क) (i) 'धीमती' शब्द में प्रत्यय है– 1

(अ) मतुप् (ब) वतुप् (स) अनीयार् (द) त्व

(ii) 'दत्वा' शब्द में प्रत्यय है– 1

(अ) क्त्वतु (ब) तुमुन् (स) क्त्वा (द) शानच्

(ख) (i) 'प्रकृत्या साधुः।' रेखांकित में प्रयुक्त विभक्ति है– 1

(अ) द्वितीया (ब) चतुर्थी (स) तृतीया (द) पंचमी

(ii) 'सह, 'साधं' के योग में विभक्ति प्रयुक्त होती है– 1

(अ) तृतीया (ब) पंचमी (स) चतुर्थी (द) षष्ठी

14. बैंक में खाता खोलने के लिए बैंक प्रबन्धक को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। 8

अथवा

विद्यालय की वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

□□□□